भारत डायनामिक्स लिमिटेड
निगम कार्यालय Corporate Office
गच्ची बाउली Gachibowli :: हैदराबाद Hyderabad
(रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का उद्यम)

बीडीएल/104/निगम/ का. एवं प्रशा. /सीसी/06 दि. 1.9.2018

प्रेस-विज्ञप्ति

बी डी एल के निदेशक ने कार्य-भार ग्रहण किया

श्री एन पी दिवाकर
निदेशक (तकनीकी), बी डी एल

श्री एन पी दिवाकर ने आज रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत भारत डायनामिक्स लिमिटेड, मिनीरत्न श्रेणी-I उपक्रम के निदेशक (तकनीकी) का कार्य-भार ग्रहण किया।

उस्मानिया विश्वविद्यालय से मेकानिकल इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त श्री एन पी दिवाकर को मिसाइल उत्पादन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 28 से भी अधिक वर्ष का गहन अनुभव प्राप्त है।

इस नियुक्ति से पहले श्री दिवाकर ने बी डी एल भानूर इकाई के अधिशासी निदेशक के पद पर अपनी सेवाएँ दीं। यहाँ उन्होंने निर्धारित (उत्पादन) लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करते हुए कांकूर्स-एम, इनवार - टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र तथा यूनिफाइड लॉचर के उत्पादन संबंधी मानक स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। श्री दिवाकर ने 'अस्त्र' मिसाइल उत्पादन सुविधाएँ भी स्थापित की। इससे पूर्व इन्होंने बी डी एल के 'आकाश' तथा 'पृथ्वी' प्रभागों के प्रधान के रूप में भी अपनी सेवाएँ दीं।

बी डी एल आने से पूर्व श्री दिवाकर ने लगभग 6 वर्ष तक ओ एन जी सी में काम किया।

---xxx---